संख्या– 3099/79–06–2006

प्रेषक,

जे0एस0 दीपक,
सचिव, बेसिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कुशीनगर, इलाहाबाद, मुरादाबार, रामपुर, एटा,
मेरठ, प्रतापगढ़, पीलीभीत, लखनऊ, शाहजहॉपुर,
गाजीपुर, आजमगढ़ तथा बदायूँ।

शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांकः 27 दिसम्बर, 2006

विषयः उत्तर प्रदेश विधान सभा प्राक्कलन समिति के मा0 सदस्यगण के द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश विधान सभा प्राक्कलन समिति की बैठक दिनांकः 27–12–2006 में मा0 अध्यक्ष, प्राक्कलन समिति के द्वारा निर्देश दिये गये है कि मा0 समिति के सदस्यों के जनपद में कम से कम 05 विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना का आकस्मिक निरीक्षण मा0 सदस्य से कराया जाय। इस आशय के निर्देश शासन स्तर से सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे जाये।

2– इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 अध्यक्ष, प्राक्कलन समिति के आदेशानुसार अपने जनपद से सम्बन्धित मा0 प्राक्कलन समिति के सदस्य से तत्काल सम्पर्क स्थापित कर उनकी सुविधानुसार कम से कम 05 विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण मा0 सदस्य कराये। मध्यान्ह भोजन योजना के निरीक्षण के दौरान आप मा0 सदस्य के साथ रहेंगे।

3– कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निरीक्षण आख्या दिनांक 10 जनवरी, 2007 तक शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4– मा0 प्राक्कलन समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है।

भवदीय,
ह0
(जे0एस0 दीपक),
सचिव।

संख्या– (1)/79–06–2006 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि संयुक्त सचिव, प्राक्कलन समिति, उत्तर प्रदेश विधान सभा को मा0 अध्यक्ष, प्राक्कलन समिति के सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित।

2— जिलाधिकारी, कुशीनगर, इलाहाबाद, मुरादाबार, रामपुर, एटा, मेरठ, प्रतापगढ़, पीलीभीत, लखनऊ, शाहजहॉपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, तथा बदायॅू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
ह0
(कामरान रिजवी)
विशेष सचिव।